Title: Need to check menace of Malaria in Monghyr Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) : सभापति महोदया, मुंगेर संसदीय क्षेत्र में तीन जिले पड़ते हैं, मुंगेर, लखीसराय और जमुई। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर क्षेत्र में हुई भयंकर मलेरिया का प्रकोप हुआ जिसमें बहुत लोगों की मृत्यु हो गई। यह प्रकोप अधिकांश आदिवासी क्षेत्रों में हुआ। यह बीमारी फलेरेसिस महामारी के रूप में रहस्योद्घाटित हुई। जमुई जिले के खैरा प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र झिगोई में पंचायत के जोगा झिगोई, जित झिगोई, मुस्लिम होता, निजुआरा मुसहरी हरदीमोह, पासी टोला परसा और झिंगो मुसहरी में डायरिया का भीाण प्रकोप से कम से कम 60 लोगों की जान गई। लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखंड के कस्बा पंचायत के मसुदन, बसौनी और अभयपुर गांव में सेरिब्रल मलेरिया के प्रकोप से दर्जनों जानें गईं एवं प्रभाव अभी भी है।

मुंगेर, जमुई एवं लखीसराय जिले के प्रभावित किसी भी गांव में अभी तक पर्याप्त डी.डी.टी. एवं ब्लीचिंग पाउडर को मुहैया नहीं किया गया है। अतः मैं भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से मांग करता हूं कि मृतक लोगों के परिजनों को मुआवजा तथा बीमारियों की रोकथाम के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए।